# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 24.01.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

<u>मुख्य समाचार :–</u>

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की उपस्थिति में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर लखनऊ में तीन दिवसीय समारोह का किया शुभांरभ : कहा– विकसित भारत का विकास इंजन बनने जा रहा है यूपी।
2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लखनऊ, प्रयागराज सहित देश भर में 45 जगहों पर 61 हजार से अधिक चयनित युवाओं को वर्चुअली वितरित किए नियुक्ति पत्र : कहा– युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करने के प्रयास कर रही है सरकार।
3. प्रधानमंत्री कल सुबह 11 बजे 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से साझा करेंगे अपने विचार : आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क पर होगा कार्यक्रम का प्रसारण।

और

4. प्रदेश के कई जिलों में पिछले 24 घंटों के दौरान हुई बारिश से तापमान में गिरावट : मौसम विभाग ने प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों में घने कोहरे का जारी किया यलो अलर्ट।

———————————

केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि उत्तर प्रदेश न केवल देश की आत्मा है, बल्कि विकसित भारत का विकास इंजन भी बनने जा रहा है। श्री शाह आज लखनऊ में आयोजित 'उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस' समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जनता को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर श्री शाह ने तीन दिवसीय समारोह का शुभारंभ किया। गृह मंत्री ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश देश की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जो खाद्यान्न भंडार में 20 प्रतिशत का योगदान देती है और प्रदेश देश का फूड बास्केट बन चुका है। बाइट....

*पिछले 3 साल में उत्तर प्रदेश का विकास दर कृषि विकास दर 17: रहा और देश में खाद्यान्न के उत्पादन में 20: का योगदान उत्तर प्रदेश का मैं आदमी संकोच कह सकता हूं। उत्तर प्रदेश आज भारत का फूड बास्केट बन चुका है। गन्ने में एक नंबर पर इथेनॉल में एक नंबर पर और सारी मोदी जी की योजनाएं आज धरातल पर उतरी।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय गृह मंत्री ने 'एक जनपद–एक व्यंजन– ओडीओसी का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में 'सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन' योजना का भी शुभारंभ हुआ और शिल्प मेला व 'विकसित भारत–विकसित उत्तर प्रदेश' पर आधारित प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य अपना 77वां स्थापना दिवस मना रहा है और ऐसे कार्यक्रम न केवल राज्य के प्रत्येक जिले में बल्कि विभिन्न

देशों में भी आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नई योजना 'एक जिला एक व्यंजन' उत्तर प्रदेश का ब्रांड बन जाएगी, यह योजना उत्तर प्रदेश की नई ताकत बनेगा। बाइट....

*हम लोगों ने परंपरागत उद्यम को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के रूप में आगे बढ़ाया था। आज यह आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की एक नई ताकत बनी है और आत्मनिर्भर भारत में अपना योगदान दे रहा है और आज हम सब आदरणीय गृह और सहकारिता मंत्री जी के करकमलों से हम लोगों ने अभी वन डिस्ट्रिक्ट वन कुजीन यानी एक जनपद एक व्यंजन यह योजना आज लागू की है।*

'विकसित भारत–विकसित उत्तर प्रदेश' थीम पर आयोजित समारोह में प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाली पांच प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। विंग कमांडर शुभांशु शुक्ल को अंतरिक्ष यात्रा, अलख पांडेय को शिक्षा, उद्यमिता व स्वावलंबन, रश्मि आर्य को– शिक्षा एवं नवाचार, डॉ. हरिओम पंवार को– साहित्य और डॉ. सुधांशु सिंह को– कृषि क्षेत्र के लिए सम्मानित किया गया।

गौरव सम्मान पाने वाले डॉ. सुधांशु सिंह ने अपनी इस उपलब्धि को उन्होंने कृषि को समर्पित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सकारात्मक पहल से आज कृषि क्षेत्र में कई नवाचार हो रहे हैं। बाइट....

*विशेष रूप से जो मुझे पुरस्कार मिला है, यह ऐसा मिला है कि ग्लोबल जो नवाचार हैं रिसर्च और अनुसंधान के उनको उत्तर प्रदेश में लाना यहां के किसानों की आवश्यकता के अनुरूप डालना और उनके उनके खेतों तक पहुंचाना यह जो पहल हुई थी पिछले विगत सौ में काफी से सेंटर बना है हमारा बनारस में धर्चा अनुसंधान केंद्र का माननीय प्रधानमंत्री की अनुकंपा से।*

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान सीएम युवा के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले पांच जनपदों के जिलाधिकारी भी सम्मानित किए गए। उत्तर प्रदेश दिवस पर पूरे प्रदेश भर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर राज्य की जनता को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि जनता के समर्पण और डबल इंजन वाली सरकार के प्रयासों से उत्तर प्रदेश पिछले नौ वर्ष में बीमारू राज्य से अनुकरणीय राज्य के रूप में विकसित हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी प्रदेशवासियों को उत्तर प्रदेश दिवस की बधाई दी।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार भारत और विदेश में युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करने के प्रयास कर रही है। श्री मोदी ने आज नई दिल्ली में वर्चुअल माध्यम से 18वें राष्ट्रीय रोजगार मेले को संबोधित करते हुए कहा कि रोजगार मेला एक संस्थागत व्यवस्था बन चुका है जिसके जरिए युवाओं को रोजगार मिल रहा है। बाइट...

*युवाओं को कौशल से जोड़ना और उन्हें रोजगार, स्वरोजगार के अवसर देना, ये हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है। सरकारी भर्तियों को भी कैसे मिशन मोड पर किया जाए, इसके लिए रोजगार मेले की शुरुआत की गई थी।*

*इसके जरिए लाखों युवाओं को सरकार के अलग–अलग विभागों में नियुक्ति पत्र मिल चुके हैं।*

**इस महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत आज के कार्यक्रम के दौरान लखनऊ, प्रयागराज सहित देश भर के 45 स्थानों पर विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में भर्ती हुए 61 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।**

**लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने 500 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। वहीं केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने प्रयागराज में केंद्रीय सशस्त्र बलों और अन्य विभागों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। उन्होंने नव–नियुक्त अभ्यर्थियों को राष्ट्र के प्रति सत्यनिष्ठा, सेवा–भाव एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। बाइट.....**

*इन सभी युवाओं को हम हार्दिक शुभकामनाएं भी देते हैं और यही हम सबकी आशा है कि नागरिक देवो भवरू के मंत्र के साथ यह सभी अपने–अपने दायित्वों का निर्वहन करें और इस देश के नागरिकों को सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करें।*

————————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0**

पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मुकल 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन शाम 7 बजे से आकाशवाणी के सभी राष्ट्रीय चैनलों पर प्रसारित होगा और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी में प्रसारित किया जाएगा, जिसके बाद इसका अंग्रेजी संस्करण भी दिखाया जाएगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद, दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों पर क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण होगा। आकाशवाणी अपने क्षेत्रीय चैनलों पर रात साढ़े 9 बजे से क्षेत्रीय भाषाओं में संबोधन प्रसारित करेगा।

———————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में, देश विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 130वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समस्त नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर यह कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा। इसका सीधा प्रसारण प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी

होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यक्रम प्रसारित करेगा।

—————————

आकाशवाणी लखनऊ के प्रसारण स्तंभ रहे दिग्गज प्रसारण कर्मियों पर विशेष मासिक श्रृंखला "पद–चिन्ह आकाशवाणी के" शुरू की जा रही है। इसकी पहली कड़ी का प्रसारण कल सुबह दस बजे एफएम रेनबो 100.7 मेगा हट्ज़् पर किया जाएगा। कार्यक्रम की पहली कड़ी में आकाशवाणी लखनऊ के प्रथम समाचार वाचक यज्ञदेव पंडित से ख़ास बातचीत का प्रसारण किया जाएगा। अट्ठान्नवे वर्षीय वरिष्ठतम उद्घोषक और समाचार वाचक यज्ञदेव पंडित ने 1953 में पहली बार आकाशवाणी लखनऊ से प्रादेशिक समाचार का वाचन किया था।

—————————

आज राष्ट्रीय बालिका दिवस है। इस दिन का उद्देश्य समाज में बालिकाओं के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण के लिए जागरुकता फैलाना है। इस मौके पर हमीरपुर में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाल विवाह से होने वाले नुकसान एवं उनको रोके जाने की व्यवस्था की जानकारी दी गई।

—————————

प्रदेश के कई जिलों में पिछले 24 घंटों के दौरान हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। हालांकि

राजधानी लखनऊ में बीती रात 15 दशमलव चार डिग्री सेल्सियस के साथ इस सीजन की सबसे गर्म रात का रिकार्ड दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने कल और 26 जनवरी के लिए प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों में कुछ स्थानों पर घने कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है।

———————————